राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org
पत्रांकः– 123 /241/NULM/तीन/2001(SUH)Vol-IV दिनांक 7-2-2017

सेवा में,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला नगरीय विकास अभिकरण–लखनऊ, कानपुर नगर, गाजियाबाद, आगरा, वाराणसी, बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, अलीगढ़, झांसी, मेरठ, फिरोजाबाद, इलाहाबाद, मुजफ्फरनगर, मथुरा, मऊ, हापुड़, बुलन्दशहर, फतेहपुर, रायबरेली, उन्नाव, बदायूँ, मैनपुरी, सम्भल, गोण्डा, महोबा, प्रतापगढ़, महाराजगंज, भदोही, चन्दौली, आजमगढ़, कौशाम्बी, बलिया, बिजनौर, गाजीपुर, बांदा, कासगंज, कानपुर देहात, हाथरस, सोनभद्र, फर्रूखाबाद, कन्नौज, एटा, रामपुर, बाराबंकी, गौतमबुद्धनगर, सिद्धार्थनगर, जालौन, अमेठी, श्रावस्ती, अमरोहा, सुलतानपुर, जौनपुर एवं इटावा।

विषयः–दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक शहरी बेघरों के लिए आश्रय (SUH) योजनान्तर्गत निर्मित/नवीनीकृत आश्रय गृहों में उपयोगार्थ सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच के सम्बन्ध में।

महोदय,

दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक शहरी बेघरों के लिए आश्रय (SUH) योजनान्तर्गत आपके जनपद के मुख्यालय और एक लाख से अधिक जनसंख्या नगरों में आश्रय गृह के नये निर्माण और नवीनीकरण/उच्चीकरण की योजनायें स्वीकृत की गई हैं। सम्बन्धित डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (DPR) में आश्रय गृह के निर्माण कार्यों के अतिरिक्त रसोई घर में प्रयुक्त होने वाले उपकरण, बर्तन आदि तथा दैनिक उपयोग हेतु लकड़ी के दीवान, दरी, मैटिंग, गद्दे, कम्बल, बेड शीट, तकिया, मेज, कुर्सी, फर्नीचर और उपयोग की अन्य सामग्रियों के क्रय के साथ ही आश्रय गृह के 05 वर्षों के संचालन और अनुरक्षण की धनराशि भी स्वीकृत है। 5 वर्षों बाद सम्बन्धित नगरीय निकायें इनका संचालन और अनुरक्षण अपने संसाधनों से करेंगी।

इस कार्यालय के पत्र सं0 2400/241/NULM/तीन/2001(SUH)Vol-III दिनांक 03.09.2015 द्वारा आश्रय गृहों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निरीक्षण जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा द्वारा गठित जनपदीय टास्कफोर्स के माध्यम से किये जाने का प्राविधान किया गया है। आश्रय गृहों में उपयोग में लाई जाने वाली उपरोक्त सामग्रियों और उपकरणों की गुणवत्ता की जांच के लिए सिटी प्रोजेक्ट आफिसर शहर मिशन प्रबंधन इकाई/परियोजना निदेशक डूडा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाता है। इस समिति में परियोजना अधिकारी डूडा और शहर मिशन प्रबन्धक सदस्य होंगे। समिति द्वारा उन नगरों में जहां आश्रय गृह के निर्माण कार्य पूर्ण हो गये हैं, उन्हें सम्बन्धित नगरीय निकाय को हस्तगत कराया जा चुका है अथवा कराया जाना प्रस्तावित है, उनमें उपयोगार्थ उपलब्ध कराई गई सामग्रियों और उपकरणों की गुणवत्ता की जांच कर दिनांक 15.02.2017 तक जांच आख्या उपलब्ध कराई जाय।

इस कार्यालय के पत्र सं0–098/241/NULM/तीन/2001(एस0यू0एच0)Vol-IV दिनांक 25.01.2017 के साथ आश्रयों में उपलब्ध कराये जाने वाली सेवाओं/सुविधाओं का विवरण प्रेषित किया गया है। दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी बेघरों हेतु आश्रय योजना के प्रचालनात्मक दिशा निर्देशों के अनुरूप आश्रयों में इन सेवाओं/सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी है।

अतः अनुरोध है कि कृपया आश्रय गृहों में उपयोग हेतु क्रय किये गये उपकरणों और सामग्रियों आदि की गुणवत्ता की जांच कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें तथा जनपद में नये निर्माण/उच्चीकरण किये जा रहे आश्रय गृहों के निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराकर, संचालन एवं प्रबन्धन हेतु अपेक्षित कार्यवाही करते हुए इन्हें कार्यशील कराये जाने का कष्ट करें और उनमें उपयोग हेतु क्रय किये गये उपकरणों और सामग्रियों की गुणवत्ता सम्बन्धी जांच उपरोक्त समिति से कराकर यथाशीघ्र जांच आख्या प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, नगर विकास एवं नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय, आठवां तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
3. निदेशक सी0एण्ड डी0एस0 उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
4. सम्बन्धित सी0पी0ओ0 सी0एम0एम0यू0/परियोजना निदेशक, डूडा, उ0प्र0।
5. सम्बन्धित परियोजना अधिकारी, डूडा, उ0प्र0।
6. सहायक वेबमास्टर सूडा को वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक